**NEWS CLIPPING: 27.08.2019**

**THE TRIBUNE**

# YMCA VARSITY, B'LURU COLLEGE INK MOU

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has signed an MoU with RV College of Engineering, Bengaluru, to collaborate over a wide range of research and academic activities. The MoU will facilitate student and faculty exchange, joint research collaboration, teaching and learning initiatives, conferences, workshops and training in sciences and engineering, according to VC Dr Dinesh Kumar. He said that this collaboration would bring together researchers, academics and students from both institutions and would provide them with a platform to benefit from mutual expertise.

The Tribune Mon, 26 August 2019
https://epaper.tribune:

**NEWS CLIPPING: 27.08.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# यूनिवर्सिटी में चला फॉगिंग अभियान

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में पानी से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए गए हैं। सोमवार को यूनिवर्सिटी परिसर में जगह-जगह फॉगिंग व मच्छर रोधी दवाओं के स्प्रे किया गया। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि इन दिनों मच्छरों से फैलने वाली बीमारियां काफी तेजी से बढ़ रही हैं। जगह - जगह पानी इकट्ठा होने से डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया के मच्छर पैदा हो जाते हैं। यूनिवर्सिटी में साढ़े 4 हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं। उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी के हॉस्टलों में विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा की देखरेख में फॉगिंग व मच्छर रोधी दवाओं का स्प्रे कराया जा रहा है।



**NEWS CLIPPING: 27.08.2019**

## PUNJAB KESARI

# मलेरिया की रोकथाम के लिए फॉगिंग शुरू

### जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने वेक्टर जनित रोगों से रोकथाम के लिए उठाए जरूरी कदम

फरीदाबाद, 22 अगस्त (पूजा शर्मा): पानी से फैलने वाली बीमारी से रोकथाम के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एहतियाती कदम उठाए हैं। विश्वविद्यालय ने छात्रावास सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से फॉगिंग और मच्छर रोधी स्प्रे का अभियान शुरू किया है।



विश्वविद्यालय में फॉगिंग करते हुए चिकित्सा केन्द्र के कर्मचारी। (छाया: एस शर्मा)

मनसून के मौसम में डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी बीमारियों की संभावनाओं को देखते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने चिकित्सा अधिकारी को रोकथाम के लिए एहतियाती कदम उठाने के लिए निर्देश दिये है क्योंकि मानसून के मौसम में वेक्टर जनित बीमारियों की अधिक संभावना रहती है। उन्होंने छात्रावासों में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिये है। फॉगिंग और मच्छर रोधी स्प्रे का अभियान चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर शर्मा की देखरेख में चलाया जा रहा है।

डॉ. अंकुर शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के चिकित्सा केंद्र ने छात्रावास क्षेत्र में मच्छर रोधी स्प्रे का उपयोग शुरू किया है ताकि विश्वविद्यालय का वातावरण डेंगू तथा मलेरिया के वायरस के हमले से पूरी तरह से सुरक्षित रह सके और छात्रों को स्वच्छ वातावरण प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि फॉगिंग और मच्छर रोधी स्प्रे की प्रक्रिया पूरे महीने जारी रहेगी और पूरे परिसर को कवर किया जाएगा।

डेंगू और मलेरिया के मच्छर स्थिर पानी में पनपते हैं। इसलिए लार्वा पैदा होने से रोकने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया है। सभी विभाग को विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के लिए कहा गया है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विश्वविद्यालय परिसर में पानी की कोई कमी न हो।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय क्यूआरजी हेल्थ सिटी फरीदाबाद के सहयोग से आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर तथा स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में बताया गया।

कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। क्यूआरजी हेल्थ सिटी फरीदाबाद के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार द्वारा आर्थोपेडिक्स के मुद्दों पर स्वास्थ्य वार्ता सत्र में विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को आर्थोपेडिक और स्पोर्ट्स इंजुरी से रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. लेख राम ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों की जांच की तथा स्वास्थ्य परामर्श दिया। इसके अलावा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी भी किए गए। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच में 200 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

## AMAR UJALA

# विश्वविद्यालय परिसर में मच्छर रोधी अभियान

**फरीदाबाद।** पानी से फैलने वाली बीमारी से रोकथाम के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एहतियाती कदम उठाए हैं। विश्वविद्यालय ने छात्रावास सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से फॉगिंग और मच्छर रोधी स्प्रे का अभियान शुरू किया है। पिछले दिनों विद्यार्थियों द्वारा शिकायत के बाद यह कदम उठाए गए हैं। मनसून के मौसम में डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी बीमारियों की संभावनाओं को देखते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने चिकित्सा अधिकारी को रोकथाम के लिए एहतियाती कदम उठाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने हॉस्टलों में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिए हैं। कुलपति ने बताया कि अभियान चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर शर्मा की देखरेख में चलाया जा रहा है। डॉ. अंकुर शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के चिकित्सा केंद्र ने छात्रावास क्षेत्र में मच्छर रोधी स्प्रे का इस्तेमाल करना शुरू किया है, जिससे विश्वविद्यालय का वातावरण डेंगू और मलेरिया के वायरस के हमले से पूरी तरह से सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि फॉगिंग और मच्छर रोधी स्प्रे की प्रक्रिया पूरे महीने जारी रहेगी। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 27.08.2019**

**AMAR UJALA**

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 200 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने जांच का लाभ लिया। क्यूआरजी हेल्थ सिटी फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार द्वारा आर्थोपेडिक्स के मुद्दों पर स्वास्थ्य वार्ता सत्र में विद्यार्थियों और कर्मचारियों को आर्थोपेडिक और स्पोर्टस इंजरी से रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में बताया गया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 27.08.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# स्टूडेंट्स का हुआ हेल्थ चेकअप

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी में क्यूआरजी हेल्थ सेंटर के सहयोग से यह शिविर लगाया गया, जिसमें लगभग 200 छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही छात्रों को अलग-अलग बीमारियों से बचाव के तरीके बताए गए। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी का चिकित्सा केंद्र नियमित रूप से इस तरह के आयोजन करता रहता है। इस मौके पर क्यूआरजी हेल्थ सेंटर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार ने छात्रों को खेल के दौरान लगने वाली चोट से बचाव व उपचार के तरीके बताए। साथ ही हड्डी व जोड़ों से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक किया। डॉ लेखराम में छात्रों की जांच कर उन्हें शुगर व ब्लड प्रेशर के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्रों का ईसीजी भी किया गया।

**NEWS CLIPPING: 27.08.2019**

**PUNJAB KESARI**

# कॉलेज में चलाया फॉगिंग और मच्छर रोधी स्प्रे अभियान

**फरीदाबाद** ,राकेश देव (पंजाब केसरी) : पानी से फैलने वाली बीमारी से रोकथाम के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एहतियाती कदम उठाए हैं। विश्वविद्यालय ने छात्रावास सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से फॉगिंग और मच्छर रोधी स्प्रे का अभियान शुरू किया है। मनसून के मौसम में डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी बीमारियों की संभावनाओं को देखते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने चिकित्सा अधिकारी को रोकथाम के लिए एहतियाती कदम उठाने के लिए निर्देश दिये है क्योंकि मानसून के मौसम में वेक्टर जनित बीमारियों की अधिक संभावना रहती है। उन्होंने छात्रावासों में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिये है। फॉगिंग और मच्छर रोधी स्प्रे का अभियान चिकित्सा अधिकारी डा. अंकुर शर्मा की देखरेख में चलाया जा रहा है। डॉ. अंकुर शर्मा ने बताया कि छात्रावास क्षेत्र में मच्छर रोधी स्प्रे का उपयोग शुरू किया है ताकि विश्वविद्यालय का वातावरण डेंगू तथा मलेरिया के वायरस के हमले से पूरी तरह से सुरक्षित रह सके और छात्रों को स्वच्छ वातावरण प्रदान किया जा सके।

पंजाब केसरी Tue, 27 August 2019
mpaper.punjabkesari.com/c/429

**NEWS CLIPPING: 27.08.2019**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में फॉगिंग

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में सोमवार को मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग कराई गई। छात्रावास सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर दवा का छिड़काव हुआ। चरणबद्ध तरीके से फॉगिंग और मच्छर रोधी स्प्रे का अभियान शुरू किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मानसून के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए एहतियातन ये उपाय किए गए हैं।

**NEWS CLIPPING: 27.08.2019**

**PUNJAB KESARI.COM**

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

**फरीदाबाद** ,राकेश देव (पंजाब केसरी) : स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय क्यूआरजी हेल्थ सिटी फरीदाबाद के सहयोग से आज नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर तथा स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में बताया गया।कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।
क्यूआरजी हेल्थ सिटी फरीदाबाद के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार द्वारा आर्थोपेडिक्स के मुद्दों पर स्वास्थ्य वार्ता सत्र में विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को आर्थोपेडिक और स्पोर्ट्स इंजुरी से रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. लेख राम ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों की जांच की तथा स्वास्थ्य परामर्श दिया। इसके अलावा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी भी किए गए। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच में २०० से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.08.2019**

## DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में लगा हेल्थ चेकअप कैंप, 200 ने उठाया लाभ



**फरीदाबाद**| जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने हेल्थ चेकअप कैंप और स्वास्थ्य जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस दौरान स्टूडेंट्स को विभिन्न बीमारियों से बचाव के बारे में बताया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार ने आर्थोपेडिक और स्पोर्ट्स इंजरी से रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में बताया। डॉ. लेखराम ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य परामर्श दिया। इसके अलावा ब्लडप्रेशर, ब्लड शुगर चेकअप के साथ ईसीजी भी किए गए। शिविर का 200 से अधिक स्टूडेंट व कर्मचारियों ने लाभ उठाया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों में हेल्थ के प्रति जागरुकता बढ़ती है।